Literacy for a Billion

Movie: Thodi Si Bewafayi
Year: 1980

Song: Hazar Rahein Mood Ke Dekhi
Lyricist: Gulzar

हज़ार राहें मुड़ के देखी
कहीं से कोई सदा ना आई
बड़ी वफ़ा से निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफाई

जहाँ से तुम मोड़ मुड गए थे
जहाँ से तुम मोड़ मुड गए थे

ये मोड़ अब भी वहीं पड़े हैं
हम अपने पैरों में जाने कितने
हम अपने पैरों में जाने कितने

भंवर लपेटे हुए खड़े हैं
बड़ी वफ़ा से निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफाई

कहीं किसी रोज़ यूँ भी होता
कहीं किसी रोज़ यूँ भी होता

हज़ार राहें मुड के देखी
कही से कोई सदा ना आई
बड़ी वफ़ा से निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफाई

जहाँ से तुम मोड़ मुड गए थे
जहाँ से तुम मोड़ मुड गए थे
ये मोड़ अब भी वहीं पड़े हैं
हम अपने पैरों में जाने कितने
हम अपने पैरों में जाने कितने

भंवर लपेटे हुए खड़े हैं
बड़ी वफ़ा से निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफाई

कहीं किसी रोज़ यूँ भी होता
कहीं किसी रोज़ यूँ भी होता

हमारी हालत तुम्हारी होती
जो रात हमने गुज़ारी मर के
जो रात हमने गुज़ारी मर के

वो रात तुमने गुज़ारी होती
बड़ी वफ़ा से निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफाई

तुम्हें ये जिद थी कि हम बुलाते
हमें ये उम्मीद वो पुकारें
है नाम होठों पे अब भी लेकिन
आवाज़ में पड़ गई दरारें
हज़ार राहें मुड के देखीं
कही से कोई सदा ना आई
बड़ी वफ़ा से निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफाई
हमारी थोड़ी सी बेवफाई

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.